# आज मध्यरात्रि से टर्मिनल-3 से उड़ान भरेंगे अंतरराष्ट्रीय विमान

## अभी घरेलू विमानों का ही होता है संचालन बोर्डिंग काउंटर तैयार

**जागरण संवाददाता, लखनऊ :** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के सभी इंटरनेशनल विमान शुक्रवार मध्य रात्रि से टर्मिनल 3 से उड़ान भरेंगे। अभी इन इंटरनेशनल उड़ानों का संचालन टर्मिनल एक से हो रहा है। लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन ने इंटरनेशनल विमानों को टर्मिनल 1 से टर्मिनल 3 पर शिफ्ट करने की तैयारी गुरुवार को पूरी कर ली।

शुक्रवार रात 12 बजे के बाद के सभी इंटरनेशनल विमानों का संचालन टर्मिनल 3 से होगा। फ्लाई दुबई, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो एयरलाइंस के विमान सुबह छह से 7:30 बजे के बीच टर्मिनल-3 से उड़ान भरेंगे। इंडिगो एयरलाइंस, एयर इंडिया एक्सप्रेस, सउदी एयरलाइंस, ओमान एयर, थाई एयर एशिया, फ्लाईनास, सलाम एयर और फ्लाई दुबई ने अपने सभी इंटरनेशनल विमानों को टर्मिनल 3 से उड़ान भरने के लिए अपने बोर्डिंग काउंटर तैयार कर लिए हैं। इमिग्रेशन और कस्टम के आफिस भी शिफ्ट हो गए हैं। लखनऊ से अबू धाबी, दुबई, शारजाह, दम्मम, रियाद, जेद्दा, मस्कट, रस अल खैमाह और बैंकाक के लिए ये इंटरनेशनल विमान संचालित होते हैं।

सीसीएसआइ एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि टर्मिनल 3 का उदघाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से 10 मार्च को किया था। टर्मिनल 3 पर 31 मार्च से अकासा एयर ने अपने घरेलू विमानों को शिफ्ट किया था। इसके बाद 21 अप्रैल को सभी घरेलू विमानों को टी-3 पर स्थानांतरित किया गया है। करीब 2400 करोड़ रुपये की लागत से बने प्रथम चरण में टर्मिनल 3 की क्षमता प्रति वर्ष 80 लाख यात्रियों की है। दूसरे चरण के अंत तक यह क्षमता बढ़ कर प्रति वर्ष 1.3 करोड़ यात्रियों की हो जाएगी।



चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का टर्मिनल-3 ● जागरण आर्काइव

टर्मिनल 3 से 13 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। अंतराष्ट्रीय विमानों के यात्रियों के लिए एक एयरोब्रिज और एक बस बोर्डिंग गेट की व्यवस्था होगी। आवश्यकता पड़ने पर एक और एयरोब्रिज का विकल्प भी रहेगा। इंटरनेशनल विमानों के यात्रियों की सहायता के लिए ग्राहक सेवा सहयोगियों और साइनेज की तैनाती की व्यवस्था होगी। लखनऊ एयरपोर्ट पर मेट्रो कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध है। अब इंटरसिटी इलेक्ट्रिक बस सेवा और एप आधारित टैक्सी सेवाओं के साथ एक मल्टी माडल ट्रैवल हब के प्रयास भी हो रहे हैं।

**विदेशी मेहमान भी मुरीद :** लखनऊ एयरपोर्ट के टर्मिनल 3 की सुंदरता सात समुंदर पार भी पहुंच रही है। कई विदेशी मेहमान अब तक टर्मिनल 3 के फोटो खींचकर उसे इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट कर चुके हैं। इसमें जोंटी रोड्स, केविन पीटरसन के अलावा आस्ट्रेलिया के हाई कमिश्नर तक शामिल हैं।